# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

कमांकः एफ.8(सां.प्रो.) / अकाद / आकाशि / 2018 / 507 दिनांक 22 सितम्बर, 2022

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :— ''सर्वोदय विचार परीक्षा'' के व्यापक प्रचार प्रसार बाबत।
संदर्भ :— आयुक्तालय का पत्रांक एफ 8(सां. प्रो.)अकाद / आकाशि / 2018 / 676 दिनांक 14.09.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के कम मे लेख है कि विद्यार्थियों में गॉधी जी के विचारों एवं मूल्यों के प्रसार हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित ''सर्वोदय विचार परीक्षा'' के ऑनलाईन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि में दिनांक 02 अक्टूबर 2022 तक वृद्वि की गई है। परीक्षा तिथि का निर्धारण 02 अक्टूबर 2022 को किया जाकर पृथक से सर्वसंबंधित को सूचित किया जाएगा।

आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का समस्त माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक प्रतिभागियों का ऑनलाईन आवेदन करवाना सुनिश्चित करे ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इससे लाभान्वित हो सके। राजकीय महाविद्यालयों के आवेदित विद्यार्थियो की संख्या प्रतिदिन अपडेट करने हेतु उनके महाविद्यालय की ई–मेल पर 'Sarvodaya Vichar Pariksha 2022' के नाम से स्प्रेडशीट प्रेषित की गई है। समस्त राजकीय महाविद्यालयो के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि स्प्रेडशीट को व्यक्तिशः भरवाना सुनिश्चित करे, इसकी मॉनिटरिंग आयुक्तालय स्तर पर प्रतिदिन की जा रही है। निजी महाविद्यालय आवेदित विद्यार्थियों की संख्या संयुक्त निदेशक निजी संस्थाऐं की ई–मेल jdpi.cce@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करे। इस परीक्षा में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रविष्ट हो सकते है एवं परीक्षा निशुल्क है ।

परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन करते हुए आवेदन पत्र का नमूना तथा दिशा निर्देश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

सीमा कश्यप
22/09/2022
संयुक्त निदेशक
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर।
2. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर को अपलोड हेतु।
3. रक्षित पत्रावली

सीमा कश्यप
22/09/2022
संयुक्त निदेशक
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा

Manoj Mo'am
महेन्द्र
21/9/22

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,राजस्थान,अजमेर

क्रमांक : मा.शि.बो./सैल–7/2022/44763

दिनांक 19/09/2022

आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, जयपुर
निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर
निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर

विषय :– महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2022 की Online आवेदन तिथि बढाने बाबत।

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2022 के Online आवेदन भरने की तिथि दिनांक 02 अक्ब्टूबर, 2022 तक बढाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। तद्नुसार महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2022 के Online आवेदन की तिथि 2 अक्टूबर, 2022 तक बढ़ाई जाती है। कृपया आपके विभाग से संबंधित संस्थाओं को प्रभावी सहभागिता हेतु सूचित करावें। उक्त परीक्षा हेतु नियत तिथि 12 अक्टूबर, 2022 को स्थगित किया जाकर परीक्षा तिथि का निर्धारण 2 अक्टूबर, 2022 पश्चात् किया जाकर पृथक से सर्वसम्बंधित को सूचित किया जाएगा।

भवदीया
Sd-
सचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ :
1. निजी सचिव, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, शासन सचिवालय, जयपुर
2. अति. मुख्य सचिव शिक्षा (ग्रुप–6), शासन सचिवालय, जयपुर
3. शासन सचिव. उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर
4. गांधी स्मारक निधि, जयपुर
5. शांति एवं अहिंसा निदेशालय, जयपुर
6. उपनिदेशक जनसम्पर्क, मा. शि. बोर्ड, राज. अजमेर
7. ए.सी.पी., मा.शि.बोर्ड, राज. अजमेर।
8. उपनिदेशक गोपनीय, मा.शि.बोर्ड, राज. अजमेर।

सचिव

कृपया पत्र व्यवहार सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर – 305001 के नाम सम्बोधित कीजिए।
**PBX Tel :** 0145.2632866, 2632867, 2632868
**Fax** 0145.2627394

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

**अजमेर 19 सितम्बर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं राजस्थान राज्य गांधी स्मारक निधि के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों एवं सिद्धान्तों से विद्यार्थियों को रूबरू कराने हेतु **सर्वोदय विचार परीक्षा** हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि बढ़ाकर 2 अक्टूबर कर दी गयी है। राज्य के सभी जिलों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में राज्य के विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत नियमित परीक्षार्थी भाग ले सकेंगे। 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली यह परीक्षा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बोर्ड द्वारा शीघ्र घोषित की जायेगी। इस परीक्षा के लिए आवेदन पूर्णतयाः निशुल्क है।

बोर्ड की सचिव श्रीमती मेघना चौधरी ने बताया कि इस परीक्षा के लिए तीन ग्रुप होंगे। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी ग्रुप एक में, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी ग्रुप दो और महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी ग्रुप तीन की परीक्षा में भाग लेंगे। ग्रुप एक की परीक्षा के प्रश्न पत्र में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। ग्रुप दो व तीन के प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु आवेदन अपने महाविद्यालय/विद्यालय प्रधान के माध्यम से ही ऑनलाईन कर सकेगा।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का पाठ्यक्रम गॉधीजी के जीवनवृत, उनके आदर्श एवं समर्पण से संबंधित पुस्तको से रहेगा विस्तृत जानकारी एवं पाठ्यक्रम बोर्ड की बेवसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी किया कर दिया गया है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों में से वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं (विद्यालय स्तर ग्रुप 1 व 2 एवं महाविद्यालय स्तर ग्रुप 3 पर पृथक-पृथक) को राज्य स्तर और जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा, जिसकी सूची ऑनलाईन जारी की जायेगी।

**उप निदेशक (जनसम्पर्क)**

अनुमोदनार्थ प्रस्तुत

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा–2022 आवेदन तिथि में संशोधन हेतु

क्रमांक : परीक्षा–I / सैल–7 / म.गा.स.वि..परीक्षा / 2022 / Spl-1 दिनांक : 19/09/2022

"महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा–2022' हेतु ऑनलाईन आवेदन की तिथि में दिनांक 02.10.2022 (रात्रि 12.00 बजे) तक वृद्धि की जाती है। उक्त परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क होगी। परीक्षा के लिए तीन ग्रुप होंगे। ग्रुप–1 में कक्षा 6–8 ग्रुप–2 में कक्षा 9–12 तक तथा ग्रुप–3 में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग लेंगे।

ऑनलाईन आवेदन हेतु वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर संबंधित विद्यालय बोर्ड द्वारा पूर्व में प्रदत्त Login ID पासवर्ड व महाविद्यालय अपने AISHE CODE का व AISHE में रजिस्ट्रर्ड ई–मेल / मोबाईल पर भेजे गये पासवर्ड का उपयोग कर आवेदन कर सकते है। परीक्षा हेतु नियत तिथि 12 अक्टूबर को स्थगित किया जाकर नवीन परीक्षा तिथि का निर्धारण 2 अक्टूबर, 2022 पश्चात् किया जाकर सर्वसम्बधित को पुनः सूचित किया जाएगा।

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु विस्तृत विज्ञप्ति, दिशा–निर्देश परीक्षा पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी बोर्ड की बेवसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

सचिव